इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3378

25 अप्रैल, 2013 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन की वृद्धि दर

3378. श्री एन.के. सिंह:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि इस्पात उत्पादन की वृद्धि दर फरवरी, 2012 के 8.7 प्रतिशत की तुलना में फरवरी, 2013 में 0.5 प्रतिशत थी;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार इस रूझान को बदलने के लिए किन्हीं सुधारात्मक उपायों पर विचार कर रही है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क) और (ख) जी नहीं, संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) द्वारा जारी अंनतिम आंकड़े यह इंगित करते हैं कि कुल फिनिश्ड स्टील की बिक्री हेतु उसके उत्पादन में फरवरी, 2013 में 0.5% की वृद्धि हुई है जबकि इसकी तुलना में फरवरी, 2012 में इसमें 4.3% (और न कि 8.7%) की वृद्धि हुई थी।

(ग) और (घ) स्टील एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र होने के नाते सरकार एक अनुकूल नीतिगत वातावरण प्रदान करके सुविधादाता की भूमिका निभाती है। सरकार ने स्टील उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मक उत्पादन और क्षमता वृद्धि में सहायता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

जारी/-

(i) सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम(पीएसयू) नामत: स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड(आरआईएनएल) और एनएमडीसी लिमिटेड अपने संबंधित ब्राउनफील्ड/ग्रीनफील्ड स्थानों में क्रूड/फिनिश्ड स्टील क्षमताओं में महत्वपूर्ण विस्तार कार्यों के क्रियान्वयन में प्रक्रियारत है।

(ii) स्टील क्षेत्र में विभिन्न निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और प्रभावी समन्वय के लिए सरकार द्वारा एक अंतर-मंत्रालयीन समूह (आईएमजी) का गठन किया गया है।

(iii) स्टील उद्योग के लिए कोकिंग कोल, नॉन-कोकिंग कोल, स्क्रैप इत्यादि जैसी महत्वपूर्ण कच्ची सामग्री के आयात पर शून्य अथवा बहुत कम स्तर का सीमा शुल्क लगाया जाता है।

(iv) घरेलू मूल्य वर्धन को प्रोत्साहित करने और घरेलू लौह अयस्क की उपलब्धता में सुधार लाने के लिए लौह अयस्क के निर्यात पर शुल्क बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया है।

(v) इस्पात मंत्रालय विकास में आने वाली बाधाओं से अवगत होने के लिए उद्योग के साथ नियत आधार परामर्श करता है और जब भी आवश्यक होता है अन्य संबंधित मंत्रालयों को आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने की सिफारिशें करता है।

******